## महत्वपूर्ण एवं खास

### जय मां महिला खाद्य सुरक्षा पोषण समिति तत्काल प्रभाव से निलंबित

**रायगढ़।** जिला खाद्य अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम रायगढ़ क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 411001081 पंजरी प्लांट रायगढ़ के संचालन एजेंसी जय मां महिला खाद्य सुरक्षा पोषण समिति के अध्यक्ष कमला बाई साहू एवं देव साहू सचिव/विक्रेता के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में जारी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने पर उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस की तामिली उपरांत नियत समय 3 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत किया जाना था। किन्तु उनके द्वारा 28 मई 2024 तक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता पूर्ण कृत्य के लिए उन्हें उत्तरदायी मानते हुए संचालन एजेंसी जय मां महिला खाद्य सुरक्षा पोषण समिति पंजरी प्लांट, रायगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को राशन सामग्री की वितरण व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समीपस्थ शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी क्रमांक 411001033 संचालन एजेंसी श्रमिक प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार, जूटमिल रायगढ़ में तत्काल प्रभाव से संलग्न किया जाता है।

### साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताए साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय

**रायगढ़।** बढ़ते साइबर फ्रॉड को लेकर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताए कि साइबर ठगों के झांसे में कम पढ़े लिखे लोगों के साथ काफी पढ़े लिखे लोग भी शिकार हो रहे हैं इसलिए साइबर अपराधियों से बचने के लिए लोगों का इन अपराधों के प्रति जागरुक होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिले में एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर साइबर सेल व थानों की टीम द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ज्यादातर मामलों में लोग लालच में इन ठगों के झांसे में आ जाते हैं। डीएसपी अभिनव ने बताया कि ऐसे ठग नये-नये तरीके इजाद कर लोगों को ठगने का प्रयास किया जाता है जिनमें सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड, ऑनलाइन उत्पीड़न, ई-कॉमर्स, ईमेल हैकिंग, फ़िशिंग, रैनसमवेयर और मैलवेयर शामिल हैं। उन्होंने वर्तमान में साइबर फ्रॉड के संबंध में थाना और साइबर सेल को प्राप्त हो रहे आवेदनों की जानकारी देते हुए , ऐसे साइबर फ्रॉड से बचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। उन्होंने ज्यादातर फाइनेंशियल फ्रॉड की शिकायत प्राप्त होना बताये और बताये कि कई मामलों में साइबर सेल की टीम ने फ्रॉड ट्रांजैक्शन को होल्ड कराया गया और पीड़ित के रुपए न्यायालय के माध्यम से वापस कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब कभी ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड की घटना होती है तो तत्काल नजदीकी थाना, संबंधित बैंक जाकर जानकारी दें। यदि थाने में संपर्क नहीं कर पा रहे हैं तो साइबर क्राइम पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर-9479281934 में जानकारी देकर चाहे गये, दस्तावेज उपलब्ध करावें जिससे जिस भी अकाउंट पर रूपए गये हैं, उसे रोकने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जावेगी। उसके बाद थाने जाकर जानकारी देंवे।

### तीन करोड़ का गबन करने वाला लिपिक गिरफ्तार

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में किए गए 3 करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक के गबन के मामले में आरोपी बनाए गए 11 अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही जारी है. मामले में गत दिवस स्वास्थ्य विभाग के पूर्व लिपिक वीरेंद्र भंडारी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में वेतन के विभिन्न लाभांश के नाम पर जिला कोषालय से मिलीभगत कर 3 करोड़ 13 लाख से अधिक की राशि निकाली गई थी. इस मामले में जिला प्रशासन ने जांच के उपरांत अपना प्रतिवेदन मैनपुर थाना में प्रस्तुत कर कार्यवाही की मांग की थी.

# मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचे सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शर्मा

- स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष तक रुट एवं बेरिकेटिंग का किया निरीक्षण

रायगढ़



लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना आगामी 4 जून को होना है। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ राजीव कुमार पाण्डेय ने स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केंद्र की व्यवस्था के निरीक्षण हेतु नामांकित सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर पाण्डेय ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक आवाजाही हेतु कॉरिडोर में बेरिकेटिंग एवं आवश्यक सुरक्षा संबंधी व्यवस्था समेत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतगणना हेतु विधान सभावार बनाए गए मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते हुए मतगणना कक्ष में मतगणना टेबलए बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्ष में व्यवस्थित तरीके से तार की जालियां लगाने एवं बाहर से बेरिकेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर पाण्डेय द्वारा तीनों जिलों के पोस्टल बैलेट के गणना हेतु बनाए गए कक्ष के टेबल का अवलोकन भी किया। इस दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शर्मा ने विधान सभावार प्रत्याशी, गणना एजेंट रूट एवं स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष में मशीनों के मूवमेंट रूट की जानकारी ली। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने जानकारी दी कि प्रत्याशियों एवं गणना अभिकर्ता के आवाजाही को सहज बनाने सुरक्षा बलों के साथ विधान सभाओं के गणना कक्ष के अलग प्रवेश द्वार तथा अन्य विधान सभाओं के कॉरीडोर में बेरिकेट्स लगाए जा रहे है। उन्होंने सुरक्षा बलों को निर्देशित किया की बिना प्रवेश पत्र के मतगणना दिवस पर प्रवेश न दिया साथ ही मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मीडिया सेंटर के संबंध में जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बताया गया कि केआईटी कॉलेज परिसर में भवन के सामने मीडिया सेंटर के साथ उद्घोषक कक्ष बनाया जा रहा है। जहाँ पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया को मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान वे मॉनिटरिंग कक्ष भी पहुंचे, अपर कलेक्टर पाण्डेय एवं सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शर्मा ने स्ट्रॉन्ग रूम के सीसीटीवी कैमरों के लगातार किए जा रहे डिस्प्ले का अवलोकन किया। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बताया कि डिस्प्ले राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और आम जन के अवलोकन के लिए टीवी में लगातार डिस्प्ले किया जा रहा है, जिसका अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी निर्धारित स्थल में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते हैं।

इस अवसर पर एआरओ रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डीएसपी अखिलेश कौशिक, नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे, एसडीओ पीडब्ल्यूडी नायक, फकीर मोहन षडंगी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कोतवाली पुलिस ने नाबालिक से छेड़खानी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट में भेजा जेल

रायगढ़



दिनांक 27/05/2024 को स्थानीय बालिका अपने परिजनों के साथ थाना कोतवाली आकर युवक तरंग उर्फ तरन सेंदरिया (20 साल) कोतरारोड़ पर छेड़खानी करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका ने बताया कि पिछले दो-तीन माह से तरंग उर्फ तरन सेंदरिया नाम का लड़का उसे उल्टे सीधे कमेंट कर आते जाते छेड़ता है। 26 मई को माता-पिता और सहेली के साथ मेहमानी में गांव गई थी, जहां से रात करीब 12:30 बजे सहेली के साथ स्कुटी पर घर लौटी और घर के बाहर खड़े होकर माता-पिता के आने का इंतजार कर रही थी। उसी समय तरंग आया और कहां चली गई थी कह कर उल्टी-सीधी बातें करने लगा जिसे जवाब ना देने पर तरंग गाली गलौज कर हाथ बांह पकड़कर धक्का-मुक्की करते हुए गंदी नियत से छेड़खानी किया। सहेली आकर बीच बचाव करने और माता-पिता को कॉल करने पर तरंग भाग गया। बालिका के आवेदन पर आरोपित पर अपराध क्रमांक 318/2024 धारा 294, 323, 354 आईपीसी 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी तरंग सेंदरिया की गिरफ्तारी के लिए तत्काल दबिश दिया गया, आरोपी फरार था जिसे आज मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार कर रिमांड में पेश जेल भेजा गया है। मामले में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, दिलीप भानु, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक, उत्तम सारथी की अहम भूमिका रही है।

## समर कैंप: स्कूली बच्चों ने थियेटर में देखी श्रीकांत बोला की बायोपिक

- दृष्टिहीन श्रीकांत के बारे में जानकर बच्चे दिखे उत्साहित, कहा-सच्ची लगन और मेहनत के आगे सारी चुनौतियां छोटी
- रायगढ़ जिला प्रशासन की विशेष पहल, 'उत्कर्ष भविष्य की उड़ान' के तहत दिखाई गई प्रेरक फिल्म

रायगढ़




समर कैंप में बच्चों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रख विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में रायगढ़ जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने खास पहल करते हुए स्कूली बच्चों को ग्रैंड माल स्थित सिनेमाघर में श्रीकांत बोला पर बनी बायोपिक फिल्म दिखाई गई। जिले के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे स्कूली बच्चे भी श्रीकांत मूवी देख कर काफी उत्साहित नजर आए।

फिल्म देखने के बाद कक्षा दसवीं की छात्रा स्मृति यादव ने कहा कि श्रीकांत बोला का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक है।

यह फिल्म दिखाती है कि हमें चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए बल्कि डटकर उसका सामना करना चाहिए। सच्ची लगन से हम कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। किरोड़ीमल नगर के कक्षा दसवीं के छात्र सिमरन आदित्य ने बताया कि उन्हें यह पहल काफी अच्छी लगी। उन्होंने कहा कि श्रीकांत ने अपने अंधेपन को अपनी कमी न मानते हुए अपना सपना पूरा करने के लिए पूरी लगन से मेहनत की। उनका पूरा जीवन प्रेरणादायक है। सभी को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। पुसौर के मोहनीश वर्मा ने कहा कि श्रीकांत बोला का जीवन यह सिखाता है कि परिस्थितियां जब आपके अनुकूल नहीं हो तो उनसे कैसे लड़ा जाता है। नटवर स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा निशी मिश्रा ने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने में किसी भी तरह की परेशानी और तकलीफ आए तो उसे सुलझा कर उसे आगे बढ़ना यह इस फिल्म में बहुत बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। सभी स्कूली छात्रों ने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के प्रति प्रेरक व्यक्तियों पर आधारित फिल्म दिखाने की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए समर कैंप के माध्यम से उन्हें विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए उत्कर्ष भविष्य की उड़ान थीम के साथ कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूली छात्रों को प्रेरक फिल्म के माध्यम से हमारे आसपास के सफल व्यक्तित्व के जीवन के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिससे बच्चे प्रेरित हों। इसी क्रम में रायगढ़, पुसौर, खरसिया, तमनार और घरघोड़ा के स्कूलों के करीब 220 बच्चों को श्रीकांत बोला फिल्म दिखाई गई।

**दृष्टिहीन श्रीकांत चलाते हैं 150 करोड़ की कंपनी**

बता दें कि श्रीकांत बोला एक दृष्टिहीन भारतीय उद्योगपति हैं। उन्होंने पूरे विश्व में प्रतिष्ठित अमेरिका की एमआईटी यूनिवर्सिटी में पहले दृष्टिहीन छात्र के रूप अपनी शिक्षा पूरी की। भारत लौट कर अपनी कंपनी बोलेंट इंडस्ट्रीज की शुरुआत की। जिसका टर्नओवर आज डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा का है। अपनी कंपनी वे सैकड़ों दिव्यांगों को रोजगार मुहैय्या करा रहे हैं।

## धरमजयगढ़ पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, मामले में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, ग्राम आमापाली में गांव के बाहर खेत पगडंडी में मिला था युवक का शव

रायगढ़



बीते 24 मई को धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमापाली में गांव के बाहर खेत पगडंडी में एक युवक के शव मिले मामले में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा कर दो सगे भाईयों को गिरफ्तार का रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों ने अपने साथी युवक की हत्या कर पुलिस को गुमराह करने युवक के अत्यधिक शराब पीकर फौत हो जाने की बात बताए थे।

जानकारी के मुताबिक 24 मई को ग्राम आमापाली के बाहर खेत में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर धरमजयगढ़ पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान गांव के घांसीराम विश्वकर्मा उम्र (35 वर्ष) के रूप में हुई। शव का बारीकी से निरीक्षण पर शव के बाएं पसली, सीना, हाथ, पैर में चोट खरोंच के निशान थे। घटना के संबंध में गांव के विनोद तिग्गा और उसके भाई अनिल तिग्गा ने मृतक घांसीराम को शराबी प्रवृत्ति का बताते हुए अत्यधिक शराब पीने से मौत होने की बताये। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मामले को गंभीरतापूर्वक लेकर शव का पीएम कराकर शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएमकर्ता डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट पर मृत्यु को हत्यात्मक प्रवृत्ति का लेख किया गया जिस पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर मृतक के परिजनों, गवाहों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई इस दरम्यान मृतक घांसीराम को आखिरी बार विनोद तिग्गा और अनिल तिग्गा के साथ देखा जाने की जानकारी हुई। दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों भाइयों ने घासीराम की हत्या करना स्वीकार किये और बताए कि 23 मई को विनोद तिग्गा अपने साथी घांसीराम विश्वकर्मा को शराब पीने के लिए घर पर बुलाया था। रात में घासीराम विश्वकर्मा, विनोद तिग्गा और विनोद का भाई अनिल तिग्गा तीनों मिलाकर शराब पीये। इसी दरमियान घांसीराम ने विनोद की पत्नी पर भद्दी अशोभनीय बातें कहीं जिसे लेकर विनोद का घांसीराम के साथ विवाद हो गया और दोनों भाई मिलकर घांसीराम को हाथ, मुक्का डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिये और शव को पास खेत में ले जाकर फेंक आये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त डंडा व प्लास्टिक के बेंट को बरामद कर जप्ती किया गया है। धरमजयगढ़ पुलिस ने आज दोनों आरोपी 1.विनोद तिग्गा पिता अमोस तिग्गा उम्र 33 वर्ष 2. अनिल तिग्गा पिता अमोस तिग्गा उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी पलटनपारा आमापाली थाना धरमजयगढ को गिरफ्तार कर रिमांड में पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सतत मार्गदर्शन एवं सुपरविजन पर मामले का शीघ्र पटाक्षेप में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर एवं उनकी टीम के सहायक उप निरीक्षक बी. के. गिरी , अमृत मिंज, महिला प्रधान आरक्षक सुदो भगत आरक्षक कमलेश राठिया, बीरबल टोप्पो , संत पटेल , ललित राठिया की अहम भूमिका रही है।

## ट्रैफिक पुलिस ने समर सेशन में शामिल हुए बच्चों को दिखाया रोड सेफ्टी विडियो और बताए ट्रैफिक नियम



रायगढ़

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन पर आज ट्रैफिक थाने की टीम द्वारा समर सेशन में शामिल हुए स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधरनगर के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर बच्चों को यातायात नियमों से संबंधित रोचक लघु फिल्में दिखाया गया। एएसआई राजेन्द्र पटेल एवं हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान ने स्कूली बच्चों को जेब्रा क्रासिंग, स्टॉप लाइन, लाल बत्ती जैसे संकेतों के बारे में जानकारी देते हुए जेब्रा क्रासिंग सब-वे या फुट ओवरब्रिज से ही सड़क पार करने बताया गया। बच्चों को उनके पैरेंट्स को दोपहिया चलाते समय हेलमेट और कार चलते समय सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता बताई गई और तेज गति व वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं को बताया गया। बच्चों को उनके स्वजनों से यातायात नियमों का पालन कराने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एएसआई राजेन्द्र पटेल और हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान के साथ कांस्टेबल विजय सिदार और झशपाल शर्मा भी मौजूद थे।

# माहवारी स्वच्छता और प्रबंधन पर जनजागरुकता के लिए मनाया गया मासिका महोत्सव

- विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर तमनार ब्लॉक कोड़केल में हुआ आयोजन
- रेड डॉट चैलेंज के साथ जन-जन तक अभियान को पहुंचाने की ली गई शपथ
- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे हुए शामिल

रायगढ़




विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर तमनार ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोड़केल में मासिका महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का आयोजन का उद्देश्य लोगो को माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूक करना है। कार्यक्रम में लगभग 350 महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। शिविर में सभी की स्वास्थ्य जांच की गई। विशेषकर किशोरियों के एचबी टेस्ट किए गए। हिंडाल्को के सहयोग से 18 पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आज कोडकेल के सभी घरों में मटका इनसिनेरेटर लगाया जाएगा और कोडकेल को शत-प्रतिशत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अनुकूल पंचायत बनाया जाएगा। कार्यक्रम में रेड डॉट चैलेंज का हिस्सा बनकर सभी लोगों ने इस मुहिम को घर-घर पहुंचाने की शपथ ली। मौके पर 5 बच्चियों को उनके प्रथम माहवारी पर उनका फूलमाला से स्वागत करते हुए पैड भेंट किया गया। ये पूरा अभियान जिला प्रशासन रायगढ़, जनपद पंचायत तमनार और हिंडाल्को प्रबंधन के सहयोग तथा नव सृजन शिक्षा एवं जन सेवा समिति रायगढ़ द्वारा पावना टीम के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में कोड़केल की सरपंच रमिला सिदार ने अपने गांव को शत-प्रतिशत माहवारी स्वच्छ बनाने हेतु सहयोग के लिए और लोगों को जागरूक करने के लिए नव सृजन टीम और हिडाल्को प्रबंधन की सराहना की। यूनिट हेड हिंडाल्को द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सतत फालोअप की आवश्यकता बतायी और इस कार्यक्रम में जुड़े पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। मोनिका इजारदार ने बताया कि पावना की शुरूआत वर्ष 2021 में की गई थी जो अब पूरे जिले में एक महाअभियान का रूप ले चुकी है। इसकी शुरूआत मुख्य रूप से कोरोना काल में महिलाओं तक पैड पहुंचाने के साथ हुई थी जो अब गांव-गांव तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को 100 प्रतिशत आच्छादन के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड गारे पेलमा माइंस क्षेत्र मिलुपारा के सस्टेनिबिलिटी एवं सीएसआर का सहयोग लेकर 18 ग्राम पंचायतों के 42 गांव व पारा या टोला में बसे कुल 5470 घरों में निवासरत 23175 लोगों जिनमे 11005 महिलाएं, 11150 पुरुष, 794 किशोर व 1020 किशोरियां है। हमारी टीम पावना टीम के साथ मिलाकर 91 मितानिनों, 65 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और 14 मिडिल स्कूलों के 53, 7 हायर सेकेण्डरी स्कूलों के 70 कुल मिलाकर 123 शिक्षकों, 5 एमटी और 49 एएनएम, आरएचओ, सीएचओ का उन्मुखीकरण कर उनके माध्यम से भी जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**माहवारी स्वच्छता और प्रबंधन को लेकर चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान**

इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन क्या है, व्यक्तिगत स्वच्छता की आवश्यकता क्यों है, अवशोषकों/पैड के उपलब्धता, सही प्रयोग और उनका उचित निपटान, दर्द निवारण प्रबंधन, एचपीव्ही वैक्सीन, सर्वाइकल कैंसर, एनीमिया, पैप स्मीयर टेस्ट, एचबी टेस्ट के विषय में जानकारी, खानपान, रहन सहन और व्यायाम आदि के विषय में लोगों को उन्मुखीकरण अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण अंचल में महिलाओं में माहवारी स्वच्छता को लेकर अज्ञानता एवं सेनेटरी नैपकीन की उपलब्धता व जानकारी का अभाव के कारण महिलाओं के स्वास्थ पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिये जिला स्तर के एसबीएम टीम एवं एमएचएम नोडल द्वारा महिलाओं की माहवारी स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया एवं सेनेटरी नैपकीन के सबंध में जो भी भ्रांतिया को दूर किया गया।

**कोडकेल में सेनेटरी पैड निर्माण यूनिट की होगी स्थापना**

सेनेटरी पैड के आमजन तक पहुंचने के लिए सस्ता और बायो डिग्रेडेबल पैड निर्माण हेतु हिंडाल्को के सहयोग से कोडकेल में निर्माण यूनिट की स्थापना की जा रही है। जिसका संचालन स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा की जाएगी जिससे उनके लिए आय का स्त्रोत सृजित होगा। जिसमें मुख्यत: बिरहोर परिवार की दीदियों को चिन्हांकित किया गया है। निर्माण शुरू होने के बाद हर गांव, हर कस्बा, सभी स्कूल, आंगनबाड़ी व मितानिन दीदियों के हित में एक पिंक कार्नर की स्थापना की जाएगी। जहां से लोगों को पैड आसानी से उपलब्ध हो पाएगी। इसमें अगला कदम मॉडल पंचायत बनाने की ओर होगी, जिसकी शुरुवात कोडकेल से की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480